उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग
Uttarakhand Subordinate Services Selection Commission

पत्रांक /Ref. No.: 918

दिनांक /Date.: 18.09.2021

संवाद–156

विषयः–सहायक समीक्षा अधिकारी(लेखा) व समान अर्हता वाले अन्य पदों हेतु आयोजित ऑनलाइन परीक्षा Computer Based Tests (CBT) की उत्तरकुंजी जारी किये जाने व प्रश्नोत्तरों पर आपत्ति का अवसर दिये जाने के संबंध में।

प्रिय अभ्यर्थियों,

आप अवगत है कि उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा दिनांक 12 सितम्बर से दिनांक 14 सितम्बर, 2021 के मध्य राज्य के 10 जनपदों के 21 परीक्षा केन्द्रों पर विभिन्न विभागों के अंतर्गत विभिन्न पदों यथा सहायक समीक्षा अधिकारी(लेखा), सहा0 लेखाकार व समान अर्हता वाले अन्य रिक्त पदों पर चयन हेतु ऑनलाइन परीक्षा Computer Based Tests (CBT) का आयोजन उक्त 03 दिवसों में प्रतिदिन 02 पालियों अर्थात कुल 06 पालियों में किया गया। आयोजित परीक्षा में 9341 अभ्यर्थियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

दिनांक 12 सितम्बर से दिनांक 14 सितम्बर, 2021 के मध्य आयोजित परीक्षा में अभ्यर्थियों को उनके द्वारा दिये गये उत्तर(Response)/उत्तरकुंजी का प्रकाशन आज दिनांक 18.09.2021 को आयोग वेबसाइट किया जा रहा है व साथ ही अभ्यर्थियों को प्रश्न–उत्तरों पर **आपत्ति का अवसर भी दिनांक 22.09.2021 रात्रि 12:00 बजे तक** दिया जा रहा है। आपत्तियां ऑनलाइन ही निर्धारित प्रकिया से दी जा सकती है। निर्धारित तिथि के पश्चात या ऑफलाइन प्राप्त होने वाली आपत्तियों पर विचार किया जाना संभव नहीं होगा। अतः अभ्यर्थियों से अपेक्षा की जाती है कि वे निर्धारित तिथि तक अपनी आपत्तियां आयोग को ऑनलाइन माध्यम से प्रेषित कर सकते है।

आयोग की ओर से,

(संतोष बडोनी)
सचिव।

उत्कृष्टता पारदर्शिता वस्तुनिष्ठता
राज्य निर्वाचन आयोग कार्यालय परिसर, रिंग रोड, लाडपुर, देहरादून उत्तराखण्ड Office Campus of State Election Commission, Ring Road, Ladpur, Dehradun, Uttarakhand
दूरभाष (कार्या0): 0135-2669658, फैक्स: 0135-2672902, वैबसाईट : www.sssc.uk.gov.in, ईमेल: chayanayog@gmail.com